**By Ayush Prasad**

# TEELI

(The Matchstick)

## 1. Neele - neele ambar pe

Subah ka alam thha. Aasmaan so kar bas utha hi thha. Raushni ke badalte taav ke saath ulat-pulat kar raha tha. Dheron alsaa raha thha. Maano jaise samay ka chulha senk raha ho. Aur alsaate hue, neeche bikhri duniya ko apni neeli angdai se sarabor kar raha thha.

Bilkul waisa neela jaisa Maa ka badan ho chala thha, Papa se gaye raat maar khaane ke baad.

Par alsaate aasmaan ko ye baat kahaan pata thhi. Jab Ma pit rahi thi, tab toh woh so raha thha. Niraa Moorakh! Thoda chaalu hota, toh ye prime time miss na karta. Khair, doori bhi kitni thhi hamare ghar aur uske beech. Ek aurat ke rone ki awaaz mein itna dum kahaan, ki wo laakhon meel ki doori tai kar paaye. Haan, agar duniya ki saari pit-tee auratein ek saath awaaz lagaatin, toh shaayad maajra kuch aur hota. Tab shayad asmaan sun paata.

Sasti filmon mein dikhaate zaroor hain, ki ek aurat ki dard-bhari aawaaz se aasmaan ke dil mein mein chhed ho jaata hai. Bijli kadakti hai. Phir kuch daiviya ho jaata hai. Aur atyachaari ke paap ka antt shuru ho jaata hai. Par sasti bhavukta se lais is nyaay ka is mehengi duniya mein koi sthaan nahin. Yahaan har cheez ki keemat chukaani padti hai. Shayad isiliye haad-maans ki auraton ki cheekhein ya toh ghar ki chaardeewari mein chakkar kaat-ti rehti hain, ya samaaj ki pehredaari mein.

Waise iss prime time show ki baat karein toh badi best TRP thhi iski. Door-door tak charche hote. Matlab bilkul proper superhit show. Kayi dafa toh ghar ke bahar kuch log kaan laga ke live broadcast ka mazaa bhi lete. Chaahe kisi ki maiyyat ho, ya kisi ke bachche ki chhatthi, ya fir koi gwaale ke saamne khade hokar doodh duhwa raha ho, ya koi bagal mein rehne wale boss ko makhkhan maar raha ho, ya bhale hi koi satyanarayan ka paatth karwa raha ho… jo kuch bhi ho

raha ho, iss prime time ke kisson ki hamesha demand hoti… log hamesha poochhtey, “Abhi kya chal raha hai unka?”

Isiliye sach kahoon to kabhi-kabhi aasmaan pe taras aata hai. Agar wo thoda sa aur sachet hota, bas thoda sa, toh kaafi kuch dekh paata. Kaafi mazaa le pata. Shaayad use thoda gussa bhi aata. Aag ka toh pata nahi, par shaayad uski aankhon mein ek teeli zaroor jalti. Jaise mere man mein jal rahi thhi. Aur phir shaayad mujhe raat-raat bhar aasmaan mere mann sa khaali nahi dikhta.

Barhaal, aasmaan ki tarah aaj main bhi aankh masaltey-masaltey uttha thha. Aankhon ke keechad ke parde se sab cheezein sapno si dikh rahi thhin. Unmein chaandni ka bhaav thha. Filmi tareeke se kahoon, toh diffused and dreamy. Yun toh parikathaayein padhne ki umar dhal rahi thhi aur vastavikta ke thapedon ne kachotna shuru kar diya thha, par phir bhi asha ki thodi laali bachi hui thhi. Shaayad isiliye, saamne utth-ti laptein mujhe fansey hue feetey si dikh rahin thhin. Shaayad isiliye haddkampp ke beech ki shaanti mein mujhe koyal ki kook sunayi de rahi thhi. Shaayad isiliye mujhe baar-baar todi gayi Maa mein kuch tthos dikhaayi de raha thha.

Aaj sochta hoon toh samajh nahi aata ki kya koyal ki woh kook waakayi mein koyal ki kook hi thhi, ya mere mann ke andar phat-te darr ke panno ki choon-choon. Jo har baar ek hi baat poochhti thhi…. Papa, aakhir kyun?

## 2. Masala maar saala

Maa ka pitna colony ke sabhya samaaj ke charchon mein passing topic ban gaya thha. Theek us paan masale ke packit ke tarah jo kisi bhi bakar-mandali mein baar-baar paas kiya jaata hai. Kyunki samaaj ko toh chabane ke liye masala chahiye hi chahiye. Bina uske na peek se sadke rangti hai, na mahaul banta hai. Aur na hi makhaul.

Har kisi ki apni raai hoti. Koi kehta, “Doctorni kulta hai, pataa nahi medical college mein kis-kis ke saath kya-kya karke aayi hogi.”

Toh doosra kehta, yeh engineering-medical college wali ladkiyaan bharose ki nahi hoti. Bhale aise hi koi thode hi har hafte, do hafte peet-ta hai. Koi toh raaz zaroor hai iske husband ke gusse ka. Kya pataa beta bhi iska ho na ho.

Koi teesra kehta, kuch zyada hi padh-likh gayi hai. Zabaan chalayegi, toh pitegi hi. Meri biwi ko dekho, gau hai. Jahaan angootha lagane ko kahoon, laga deti hai. Par ye toh sawaal pe sawaal, sawaal pe sawaal poochhti hai. Maine suna ek din, haan…iska aadmi jo bhi kahe, har cheez ka ya toh jawaab thha iske paas, ya phir sawaal. Itna jhel ke toh kisi ka bhi dimaag kharaab ho jaaye.

Koi chautha kehta, pati-patni hain, unke beech hamein kya padna. Kalko kahin mar-mur gayi, ya haath-paav sahi mein toot gaya, toh hamara bhi naam aayega. Thaane ke chakkar lagane padenge. Behtar hai, apne haal pe chhod do. Kuch din mein compromise kar ke khud hi hal kar lenge.

Kuch ko thodi zyaada hi insecurity hoti. Wo kehte, kaise husband-wife hain! Chale kyun nahi jaate yahaan se? Kya asar pad raha hai hamare bachchon pe, bataao! Ek samiti bulao, aur chatt vote karke, dono ko patt baahar karo colony se.

Kuch aise bhi hote, jo do baar akhbaar khatam karne ke baad bhi aur kisse talaashte. Unse poochho toh wo kehte, jo chal raha hai, chalne do na. Variety hai, kam se kam. Apni boriyat toh door hoti hai.

Koi kabhi mera aur mere chhote bhai ka moonh taakte chal deta, dabi si hansi lekar. Koi ghar ke deewaar pe, “Gaandu chup!” likh deta. Koi kabhi halla sun ke darwaaze pe patthar de maarta aur chillaata, “Abe band karo be, madarchodo!” Saath mein kaafi saari hansi bhi sunaayi deti. Jab tak main dekhne ke liye baraamde mein aata, sab furr ho chuke hote. Dikhti toh sirf wo dhool jo unke bhaagte chappalon se udi thhi.

### 3. Sukoon ka saanp

Iss saari publicity ke beech, Papa ka haath chalta rehta. Kabhi kamaayi ko lekar, kabhi berozgaari ko lekar, kabhi unke khayaalipulavon ko lekar, kabhi-kabhi Maa

ke kaam karne ki chaahat ko lekar, kabhi ghar deri se aane ko lekar, kabhi anniversary bhoolne pe Maa ka mood kharab hone ko lekar.

Kabhi-kabhi toh extra maar-pitaayi ki zaroorat pehle se piti aur chillaati Maa ko shaant karaane ke liye bhi hoti.

Kabhi isiliye ki wo apne kapde utaar detin aur bachaao-bachaao ke naare lagatin. Aur kabhi unke baar-baar ek hi cheez poochhne se Papa ke sabar ka bandh toot jaata, aur mukke aur thappad ka sailaab umad padta.

Aur yeh sabkuchh ya toh shaam se lekar raat bhar ke andhere mein hota, ya phir kabhi-kabhaar din mein kisi darwaaze se ghire kamre ke andar. Kyunki Papa ko pataa thha ki agar aasmaan ne dekh liya toh aafat aa jaayegi. Kya pataa, phir kab sir pe Bijli gira de. Ya farraate se chalti motorcycle ke raste mein olon ki baarish karwa de. Ya phir kisi aandhi mein kisi ghar ke udte teen ke chhappar se sir hi kalam karwa de.

Barhaal, iss subah, jab aasmaan uttha to usne phir se wahi raushni bikheri, jo woh hamesha bikherta thha. Sunehri, laal, thodi kesri. Wo khush thha, ki aaj phir wo raushni ka khel, khel paayega. Kaale baadal jo nahi thhe. Main bhi khush thha, kyunki maar-pitaayi ke baadal kam se kam aaj ke liye toh chhant chuke thhe.

Ab waqt thha manaane ka, dulaarne ka, badan ke jin hisson pe maarne se phool-phool ke daag pad gaye thhe, unhein sahlaane ka. Grihasth jeevan ka khel jo khelna thha. Waqt thha agle kuchh din tak ghisa-pita aaloo bhujiya aur tedhi-kubdi rotiyaan banaake Maa ko khilaane ka, Kyunki tabhi toh family ka pahiya phir se ghoomta.

Main khush thha, kyunki Maa ab agle do hafton tak na pitne ka sapna dekh sakti thhi. Aur roz-marra ke ghar ke kaam aur marodi gayi baazuon ke dard ke beech, apni aatma ki siskiyaan mujhe sehlaane mein dafan kar sakti thhi. Papa khush thhe kyunki unhein pataa thha ke agle do hafton tak, ya shaayad teen bhi, Maa ko phir se peetna na padega. Aur Maa? Bharose, ummeed, aatmasammaan, sabka taaziya uthaaye, apne badan ka koobad banaaye, wo toh bas padi thhi.

Psychologists ki zubaan mein, isse depression kehte hai. Depression, yaani ek gaddhaa, jisme Maa gir chuki thhi. Aur phislan itni thhi, ki agar kinaaro ke sahaare woh upar aane ki koshish bhi karti, toh toot-tee mitti ke saath waapas phisalti jaati. Barhaal, din phir aage badha. Uss din ke khaalipan ko pehle sooraj ne bhara, phir kuch hawaaon ne. Phir mare hue hilte patton ki sarsaraahat ne. Ye waale patte bhi bade ajeeb hote hain. Zameen ko chita banaaye, nirjeev pade hote hain, par phir bhi, prakriti ki jhankaar bajaate rehte hai, bajaate rehte hai...! Aaydin pitne waali auraton ki tarah.

Looh shuru hone hi waali thi. Aage aane wale dino mein sabka jhulasna toh tai thha. Shayad hawaaon ko ilm thha poore maajre ka. Kyunki ek bas wohi toh thhin jo kahin se bhi ghusi chali aati thhin. Aur sab kuch liye-diye, kahin se bhi nikal jaati thhin. Band khidkiyon ki daraaro se, darwaazon ke neeche ke chhedon se, cooler ke sadey hue khas ke taaton se, chhat ki seedhiyon ki dhalaanon se, hum sab ke fefdon se, hamaare pakhaanon se, sab kuch liye-diye, wo toh bas chal detin, par apne padosi aasmaan ko na bataatin. Bas aapas mein hi chutkule gadhtin, comment kartin, vyangya rachtin, bilkul hamaari colony ki society ki tarah.

Badhte din ke saath sab kuchh aam sa lagne lagaa. Papa ke kuchh ghanton ke puchkaarne ke baad, kubdi Maa phir se seedhi hone lagi. Wo utthi, aur jaise-taise bathroom istemaal kiya. Dard jo itna thha! Dopeher shaam me dhal gayi, aur shaam raat mein. Papa baahar ke ek saste hotel se kuch khaana le aaye, kyunki, official version ke hisaab se, hamaari free ki cook bathroom mein jo gir gayi thhi. Saath hi man halka karne ke liye cigarette bhi pi aaye. Par Maa ke paas cigarette kahaan thhi? Isiliye unhone TV khola aur ek serial mein doosri auraton ko paarivarik zulm ka shikar hote dekh, aahein bhari. Aakhir koi aur toh thha unki tarah, TV pe hi sahi. Main bhi saath baitha, chhota bhai bhi. Sabne moti-moti tandoori rotiyaan aur tadke waali daal khaayi – saath mein ande ka poach bhi – aur phir apne-apne bistar ko chale gaye.

Par na mujhe, aur na Maa ko neend aayi. Mujhe nahi aayi kyunki kal ki Maa ki chillaane ki aawaaz abhi bhi dimaag mein phatey silencer ki thaain-thaain si goonj rahi thhi. Kya karein, uski frequency hi kuchh khaas thhi. Bilkul chipak si gayi thhi. Maa ko neend nahin aayi kyunki unhein pati aur pitaayi samaanarthak shabd, matlab synonym, lagne lage thhe. Aur ab unhein apni zindagi ke

vyaakaran ko iss nazariye ke tehet badalna thha. Ek aur angle bhi thha. Woh yeh, ki jisne tumhaare jism ko maara hai, jab wo tumhaara jism phir se chaahe, toh tumhe use uss aadmi ko kaise dena chahiye? Ya woh na dekar, uske gusse ko kya phir se parwaan chadhne dena chahiye? Ye Maa ko samajhna thha, aur use khud ko samjhaana thha.

Aur aisi kashmakash mein toh saali neend bhi aankhein phaad-phaad ke betahaasha jaag pade.

### 4. Chakri-chaal, nikal gayi khaal

Doosra din shuru hua. Halke kaale baadalon ke saath, aasmaan aaj kuchh kam neela thha, bilkul Maa ke badan ke jaisa. Pitaayi ke har neele nishaan mein ab ek kaalikh si aa gayi thhi. Maano jaise raakh se dhaariyan ban gayi hon.

Uss samay agar Maa apne sir ke peechhe hare-gulaabi pankh baandh leti, chehre pe thodi kaai mal leti, aur apne gown ke badley, badan pe kisi ped ya jaanwar ki chhaal oddh leti, toh kisi ladaku Adivasi devi se kam na lagti. Phir aisa lagta ki ye daag use kisi cheete se ladte hue lagey, ya kisi junglee ghode ko kaabu karne mein. Ya kya pata, kisi bakre ko seengh se pakadkar, uss-se ladkar, uski gardan kaatne mein. Ek taakat dikhayi deti, wo jo prakriti ne aurat ko kisi zamaane mein bhent di thhi. Shayad wo, meri Ma, mere liye khargosh ka mulayam maas lekar aati, aur thoda mujhe khilaati, thoda khud khaati. Hothon pe fizool si lipstick hone ke badle, uss-se laal loha tapakta. Baazuon mein, choodiyon ki bediyon ke bajaaye, haddiyon ka auzaar hota. Aankhon mein mimiyaayi putliyon ki jagah ek kaatil nigaah hoti, jo apna ilaaka, apni aazaadi pehchaanti, use kisi bhi keemat pe bachaati, kisi bhi ghuspaithiye ko bakhshti nahi. Aur main use dekh, ye sab seekhta, uske jaisa hi umda shikaari banta. Apni jaagir ka maalik hota. Mujhe apne baap ke naam ki zaroorat na hoti, kyunki khoon se sana khargosh saath khaate-khaate khoon ka rishta sirf Maa se hi banta.

Par Maa kahan junglee thhi? Wo toh kuch zyada hi sabhya thhi. Socialised thhi. Itni ki apne pati se pitne ke baad yeh tai karti rehti ki kitna pitna jhela ja sakta hai, aur kitna nahin. Aur jab pitaayi ki ye gannit palle na padti, toh karodon aur

sabhya pit-ti auraton ki tarah, iss gannit ki jalti teeliyon se jhulasti rehti. Statistics. Ye hamesha se Maa ka priyah subject hua karta thha. Par khud ki life ka statistics of sadistics thoda zyaada pechida thha. Shaadi ke gyaarah saal mein bhi palle nahi pada thha.

Iss doosre din, khaana bana. Saaf-safaai hui. Hamaari Daayi, jise Papa ne Maa ko peetne waale din, darwaze ke bahar se hi chalta kar diya thha, wo aayi. Usne phir se dekha, phir se samjha, Maa se phir se baat ki. Phir se kaha ki is badtameez aadmi ke moonh mat lago, ya toh ise chhod do. Phir se, Maa uske saamne royi, usne Maa ka haath pakda, dilaasa diya. Aaj sochta hoon toh khayaal aata hai ki agar Maa aur woh lesbian ya bisexual hote toh iss samasya ko ek bada hi interesting mod mil jaata.

Par itna rachnaatmak wahaan kuch thha nahin. Rachna toh mere dimaag mein chal rahi thhi, sabhyata ki. Maa ke saath-saath, main bhi sabhya ho raha thha, par aadmi ke tarah, aurat ki tarah nahi. Gaur dene waali baat yeh hai ki sabhyata ke statistics mein pitne aur darne ke number aurat ko milte hain, aur peetne aur daraane ke number mard ko. Mujhe ye pata chal chuka thha. Aur yeh bhi, ki chhota hi sahi, par main mard zaroor thha.

Apni Leo toygun mein mujhe apne Papa ka haath dikhne laga thha. Main use utthake har chhoti cheez ko daraata. Chaahe woh ek gilahri ho, ya hamare ghar par aakar baithne wala kutta, ya baraamde ke gamlo mein chhipne wala girgit. Kuchh din pehle, Leo gun ki golibaari ko maine Maa ke upar bhi aazmaya thha. Pehle toh usne bas hans diya thha, par phir katar-katar ki zyada aawaz karne par baaramde bhej diya thha.

Par uss din khayaal aaya ki ek insaan hai jo mere muqaable kaafi kamzor hai, jise daraaya ja sakta hai. Papa bhi toh Maa ko isiliye dara paate thhe kyunki wo unse kamzor thhi. Koi Papa ka haath nahi marodta thha, Maa ka marodta thha. Papa ko mukke naseeb nahi hote thhe, Maa ko hote thhe. Daraane mein faayda thha, ek mauka thha, kisi ke oopar utthkar, ek judge ki kursi pe baithkar, bas apni chalaane ka, kisi doosre ka haq maar ke bas apna haq jamaane ka. Kyunki jo bhi jitna haq hansot sakta, wo kuch bhi karne ke liye utna hi aazaad hota.

Shaam ho chali thhi. Bijli kate hue aadha ghanta ho chuka thha. Maa abhi kitchen mein hi thhi, Daayi ke saath. Table pe kiraasan ka lamp aur maachis ki

dibbi rakhi hui thhi. Kuch hi der mein ya toh Maa ya Daayi aati aur use jalaati. Main apne chhote bhai ke saamne pahunch chuka thha. Wo plastic ke bane haathi, kutte aur Air India ke Mascot se bhale hi khel raha thha, par uski khushi sachchi thhi. Usne muskuraate hue ek khilauna mujhtak badhaaya. Maine bhi muskuraate hue ustak apna Leo gun badhaaya, kaan ke behadh paas, aur tezi se achaanak baar-baar uska trigger dabaane laga. Katar-katar, katar-katar ki lagataar aawaaz se uski muskaan bikharne lagi aur chehre ke dhalaanon se gir padi. Maine katar-katar ki raftaar aur bhi badha di.

Gaye maah ki science class mein evaporation-condensation ke concepts seekhe thhe. Bhai ki hansi ko aansu mein condense hote dekh maza aa raha tha. Uski aawaaz bahut badh jaati toh Maa aa jaati. Isiliye maine uska plastic wala kutta ghumaya aur use fuslaake chup karaaya. Use apni toy gun bhi de di. Woh takreeban uske jitni hi lambi thhi. Dekh ke ehsaas hua ki mere muqaable wo kuchh zyaada hi kamzor thha. Khushi bhi hui. Kyunki main uske saath jo marzi kar sakta thha.

Toy gun apne haath mein dekh woh thoda khush hua, aur usey upar utthakar pyaari-pyaari aawaazein karne laga. Main bhi uske saath hans raha thha. Aur tabhi uski hansi ek zor ki cheekh mein badal gayi. Main abhi bhi hans raha thha. Ek aur cheekh, pehle waale se bhi zor ki, meri Maa ko kitchen se kheench laayi. Aur Maa ki aankhein phati-ki-phati reh gayin. Mere chhote bhai ki baazu mein ek jalti hui teeli chipki hui thhi. Uske upar ka kaala, barood bhara moti abhi bhi sulag raha thha, mere bhai ke baanh ke chamde ke saath. Jalte chamde ki badboo kamre mein phailney lagi thhi. Par main phir bhi muskura raha thha, jaise ki kuchh hua hi na ho. Mere mann ke andar ki jalti teeli mere haath mein aa chuki thhi. Doosre haath mein diyasalaayi ka dibba bhi thha. Hinsa ke chakri-chaal mein mera introduction ho chuka thha.

# तीली

(The Matchstick)

1. **नीले - नीले अम्बर पे**

सुबह का आलम था. आसमान सो कर बस उठा ही था. रौशनी के बदलते ताव के साथ उलट-पुलट कर रहा था. ढेरों अलसा रहा था. मानो जैसे समय का चूल्हा सेंक रहा हो. और अलसाते हुए, नीचे बिखरे दुनिया को अपनी नीली अंगड़ाई से सराबोर कर रहा हो.

बिलकुल वैसा नीला जैसा माँ का बदन हो चला था, पापा से गए रात मार खाने के बाद.

पर अलसाते आसमान को ये बात कहाँ पता थी. जब माँ पिट रही थी, तब तो वह सो रहा था. निरा मूरख! थोड़ा चालू होता, तो ये प्राइम टाइम मिस न करता. खैर, दूरी भी कितनी थी हमारे घर और उसके बीच. एक औरत के रोने की आवाज़ में इतना दम कहाँ की वह यह लाखों मील की दूरी तय कर पाए. हाँ, अगर दुनिया की सारी पिटती औरतें एक साथ आवाज़ लगातीं तो शायद माजरा कुछ और होता. शायद तब आसमान सुन पाता.

सस्ती फिल्मों में दिखाते ज़रूर हैं, की एक औरत की दर्दभरी आवाज़ से आसमान के दिल में छेद हो जाता है. बिजली कड़कती है. और फिर कुछ दैवीय हो जाता है. और अत्याचारी के पाप का अंत शुरू हो जाता है. पर सस्ती भावुकता से लैस इस न्याय का इस महंगी दुनिया में कोई स्थान नहीं. यहाँ हर चीज़ की कीमत चुकानी पड़ती है. शायद इसीलिए हाड़-मांस की औरतों की चीखें या तो घर की चारदीवारी में चक्कर काटती रहती हैं या समाज की पहरेदारी में.

वैसे इस प्राइम टाइम शो की बात करें तो बड़ी बेस्ट टी-आर-पी थी इसकी. दूर - दूर तक चर्चे होते. मतलब बिलकुल प्रॉपर सुपरहिट शो. कई दफा तो घर के बाहर कुछ लोग कान लगा के लाइव ब्रॉडकास्ट का मज़ा भी लेते. चाहे किसी की मय्यत हो, या किसी के बच्चे की छट्ठी, या फिर कोई ग्वाले के सामने खड़े होकर दूध दुहवा रहा हो, या कोई बगल में रहने वाले बॉस को मक्खन मार रहा हो, या भले ही कोई सत्यनारायण का पाठ करवा रहा हो... जो कुछ भी हो रहा हो, इस प्राइम टाइम के किस्सों की हमेशा डिमांड होती... लोग हमेशा पूछते, अभी क्या चल रहा है उनका?

इसीलिए सच कहूँ तो कभी-कभी आसमान पे तरस आता है. अगर वह थोड़ा सा और सचेत होता, बस थोड़ा सा, तो काफी कुछ देख पाता. काफी मज़ा ले पाता. शायद उसे थोड़ा गुस्सा भी आता. आग का तो पता नहीं, पर शायद उसकी आँखों में एक तीली ज़रूर जलती. जैसे मेरे मन में जल रही थी. और फिर शायद मुझे रात-रात भर आसमान मेरे मन सा खाली नहीं दिखता.

बरहाल, आसमान की तरह आज मैं भी आँख मसलते-मसलते उठा था. आँखों के कीचड़ के परदे से सब चीज़ें सपनों सी दिख रही थीं. उनमें चांदनी का भाव था. फ़िल्मी तरीके से कहूँ, तो डिफ्फुसड़ एंड ड्रीमी. यूँ तो परीकथाएं पढ़ने की उम्र ढल रही थी और वास्तविकता के थपेड़ों ने कचोटना शुरू कर दिया था, पर फिर भी आशा की थोड़ी लाली बची हुई थी. शायद इसीलिए सामने उठती लपटें, मुझे फंसे हुए फीते सी दिख रही थीं. शायद इसीलिए हड़कंप के बीच की शान्ति में, मुझे कोयल की कूक सुनाई दे रही थी. शायद इसीलिए मुझे बार-बार तोड़ी गयी माँ में, कुछ ठोस दिखाई दे रहा था.

आज सोचता हूँ तो समझ नहीं आता की क्या कोयल की वह कूक, वाकई में कोयल की कूक ही थी या मेरे मन के अंदर फटते डर के पन्नो की चूँ-चूँ. जो हर बार एक ही बात पूछती थी... पापा, आखिर क्यूँ?

## 2. मसाला मार साला...

माँ का पिटना कॉलोनी के सभ्य समाज के चर्चों में पासिंग टॉपिक बन गया था. ठीक उस पान मसाले के पैकेट के तरह जो किसी भी बकर-मंडली में बार-बार पास किया जाता है. क्यूंकि समाज को तो चबाने के लिए मसाला चाहिए ही चाहिए. बिना उसके, न पीक से सड़के रंगति हैं, न माहौल बनता है, और न ही मखौल.

हर किसी की अपनी राय होती. कोई कहता, डॉक्टरनी कुलटा है, पता नहीं मेडिकल कॉलेज में किस-किस के साथ क्या-क्या करके आयी होगी.

तो दूसरा कहता, ये इंजीनियरिंग–मेडिकल वाली लड़कियाँ भरोसे की नहीं होतीं. भले ऐसे ही कोई थोड़े ही हर हफ्ते, दो हफ्ते पीटता है. कोई तो राज़ ज़रूर है इसके हस्बैंड के गुस्से का. क्या पता बेटा भी इसका हो न हो!

कोई तीसरा कहता, कुछ ज़्यादा की पढ़-लिख गयी है. ज़बान चलाएगी तो पिटेगी ही. मेरी बीवी को देखो, गऊ है. जहां अंगूठा लगाने को कहूँ, लगा देती है. पर यह तो सवाल पे सवाल, सवाल पे सवाल पूछती है. मैंने सुना एक दिन, हाँ… इसका आदमी जो भी कहे, हर चीज़ का या तो जवाब था इसके पास या फिर सवाल. इतना झेल के तो किसी का भी दिमाग खराब हो जाए.

कोई चौथा कहता, पति-पत्नी हैं. उनके बीच हमें क्या पड़ना. कल को कहीं मर-मुर गयी, या हाथ-पांव सही में टूट गया, तो हमारा भी नाम आएगा. थाने के चक्कर लगाने पड़ेंगे. बेहतर है, अपने हाल पे छोड़ दो. कुछ दिन में कोम्प्रोमाईज़ करके खुद की हल कर लेंगे।

कुछ को थोड़ी ज़्यादा ही इंसेक्युरिटी होती. वह कहते, कैसे हस्बैंड-वाइफ हैं, चले क्यों नहीं जाते यहाँ से. क्या असर पड़ रहा है हमारे बच्चों पे, बताइये...! एक समिति बुलाओ, और चट वोट करके, दोनों को पट बाहर करो कॉलोनी से.

कुछ ऐसे भी होते जो दो बार अखबार ख़तम करने के बाद भी और किस्से तलाशते। उनसे पूछो तो वह कहते, जो चल रहा है चलने दो न. वैरायटी है, कम से कम. अपनी बोरियत तो दूर होती है.

कोई कभी मेरा और मेरे भाई का मुँह ताकते चल देता, दबी सी हंसी लेकर. कोई घर के दीवार पे, "गांडू चुप," लिख देता. कोई कभी हल्ला सुन के दरवाज़े पे पत्थर दे मारता और चिल्लाता, "अबे बंद करो बे, मादरचोदों।" साथ में काफी सारी हंसी भी सुनायी देती। जब तक मैं देखने के लिए बरामदे में आता, सब फुर्र हो चुके होते. दिखती तो सिर्फ वो धुल जो उनके भागते चप्पलों से उड़ी थी.

### 3. सुकून का साँप

इस सारी पब्लिसिटी के बीच, पापा का हाथ चलता रहता. कभी कमाई को लेकर, कभी बेरोज़गारी को लेकर कभी उनके ख़यालीपुलावों को लेकर, कभी-कभी माँ के काम करने की चाहत को लेकर, कभी घर देरी से आने को लेकर, कभी एनिवर्सरी भूलने पे माँ का मूड खराब होने को लेकर.

कभी-कभी तो एक्स्ट्रा मार-पिटाई की ज़रुरत पहले से पिटी और चिल्लाती माँ को शांत कराने के लिए भी होती. कभी इसीलिए की वह अपने कपडे उतार देतीं और बचाओ-बचाओ का नारा लगातीं. और कभी उनके बार-बार एक ही चीज़ पूछने से पापा के सबर का बाँध टूट जाता, और मुक्के और थप्पड़ का सैलाब उमड़ पड़ता.

और ये सबकुछ या तो शाम से लेकर रातभर के अँधेरे में होता, या फिर कभी-कभार दिन में किसी दरवाज़े से घिरे कमरे के अंदर. क्यूंकि पापा को पता था की अगर आसमान ने देख लिया तो आफत आ जायेगी. क्या पता फिर कब सिर पे बिजली गिरा दे. या फर्राटे से चलती मोटरसाइकिल के रस्ते में ओलों की बारिश करवा दे. या फिर किसी आंधी में किसी घर के उड़ते टीन के छप्पर से सर ही कलम करवा दे.

बरहाल इस सुबह, जब आसमान उठा तो उसने फिर से वही रौशनी बिखेरी जो वह हमेशा बिखेरता था. सुनहरी, लाल, थोड़ी केसरी. वह खुश था, की आज फिर वह रौशनी का खेल, खेल पायेगा. काले बादल जो नहीं थे. मैं भी खुश था क्यूंकि मार-पिटाई के बादल कम से कम आज के लिए तो छंट चुके थे.

अब वक़्त था मनाने का, दुलारने का, बदन के जिन हिस्सों पे मारने से फूल-फूल के दाग पड़ गए थे, उन्हें सहलाने का. गृहस्थ जीवन का खेल जो खेलना था. वक़्त था अगले कुछ दिन तक घिसा-पिटा आलू भुजिया और टेढ़ी-कुबड़ी रोटियां बनाके माँ को खिलाने का, क्यूंकि तभी तो फैमिली का पहिया फिर से घूमता.

मैं खुश था, क्यूंकि माँ अब अगले दो हफ़्तों तक न पिटने का सपना देख सकती थी. और रोज़-मर्रा के घर के काम और मरोड़ी गयी बाज़ुओं के दर्द के बीच, अपनी आत्मा की सिसकियाँ मुझे सहलाने में दफ़न कर सकती थी. पापा खुश थे क्यूंकि उन्हें पता था की अगले दो हफ़्तों तक, या शायद तीन भी, माँ को फिर से पीटना न पड़ेगा. और माँ? भरोसा, उम्मीद, आत्म-सम्मान, सबका ताज़िया उठाये, अपने बदन का कूबड़ बनाये, वह तो बस पड़ी थी.

सायकोलॉजिस्ट्स की ज़ुबान में इसे डिप्रेशन कहते हैं. डिप्रेशन, यानी एक गड्ढा, जिसमें माँ गिर चुकी थी. और फिसलन इतनी थी की अगर किनारों के सहारे वह ऊपर आने की कोशिश भी करती, तो टूटती मिटटी के साथ वापस फिसलती जाती. बरहाल दिन फिर आगे बढ़ा. उस दिन के खालीपन को पहले सूरज ने भरा, फिर कुछ हवाओं ने, फिर मरे हुए हिलते पत्तों की सरसराहट ने. ये वाले पत्ते भी बड़े अजीब होते हैं. ज़मीन को चिता बनाये निर्जीव पड़े होते हैं, पर फिर भी प्रकृति की झंकार बजाते रहते हैं, बजाते रहते हैं. आयदिन पिटने वाली औरतों की तरह.

लूह शुरू होने ही वाली थी. आगे आनेवाले दिनों में सबका झुलसना तो तै था. शायद हवाओं को इल्म था पूरे माजरे का. क्यूंकि एक बस वही तो थीं जो कहीं से भी घुसी चली आती थीं. और सब कुछ लिए-दिए, कहीं से भी निकल जाती थीं. बंद खिड़कियों की दरारों से, दरवाज़ों के नीचे के छेदों से, कूलर के सड़े हुए खस के टाटों से, छत की सीढ़ियों की ढलानों से, हम सबके फेफड़ों से, हमारे पाखानों से, सब कुछ लिए-दिए, वह तो बस चल देतीं. पर अपने पडोसी आसमान को न बतातीं. बस आपस में ही चुटकुले गाढ़तीं, कमेंट करतीं, व्यंग्य रचतीं, बिलकुल हमारी कॉलोनी की सोसाइटी की तरह.

बढ़ते दिन के साथ सब कुछ आम सा लगने लगा. पापा के कुछ घंटों के पुचकारने के बाद, कुबड़ी माँ फिर से सीधी होने लगी. वह उठी और जैसे-तैसे बाथरूम इस्तेमाल किया. दर्द जो इतना था! दोपहर शाम में ढल गयी और शाम रात में. पापा बाहर के एक सस्ते होटल से कुछ खाना ले आये, क्यूंकि, ऑफिसियल वर्शन के हिसाब से, हमारी फ्री की कुक बाथरूम में जो गिर गयी थी. साथ ही मन हल्का करने के लिए सिगरेट भी पी आये. पर माँ के पास सिगरेट कहाँ थी? इसीलिए उन्होंने टीवी खोला और एक सीरियल में दूसरी औरतों को पारिवारिक ज़ुल्म का शिकार होते देख आहें भरीं. आखिर कोई और तो था उनकी तरह, टीवी पे ही सही. मैं भी साथ बैठा, छोटा भाई भी. सब ने मोटी - मोटी तंदूरी रोटियां और तड़के वाली दाल खाई -- साथ में अंडे का पोच भी -- और फिर अपने-अपने बिस्तर को चले गए.

पर न मुझे और न माँ को नींद आयी. मुझे नहीं आयी क्यूंकि कल की माँ की चील्लाने की आवाज़ अभी भी दिमाग में फाटे सीलेंसर की ठाईं-ठाईं सी गूँज रही थी. क्या करें, उसकी फ्रीक्वेंसी ही कुछ ख़ास थी, बिलकुल चिपक सी गयी थी. माँ को नींद नहीं आयी क्यूंकि उन्हें पति और पिटाई समानार्थक शब्द, मतलब सिनोनीम, लगने लगे थे. और अब उन्हें अपनी ज़िन्दगी के व्याकरण को इस नज़रिये के तहत बदलना था. एक और एंगल भी था. वह यह की जिसने तुम्हारे जिस्म को मारा है, जब वो तुम्हारा जिस्म फिर से चाहे तो

तुम्हें उसे उस आदमी को कैसे देना चाहिए? या वह न देकर, उसके गुस्से को क्या फिर से परवान चढ़ने देना चाहिए? ये माँ को समझना था, और उसे खुद को समझाना था.

और ऐसी कश्मकश में तो साली नींद भी आँखें फाड़-फाड़ के बेतहाशा जाग पड़े.

### 4. चाकरी-चाल, निकल गयी खाल

दूसरा दिन शुरू हुआ. हलके काले बादलों के साथ, आसमान आज कुछ कम नीला था. बिलकुल माँ के बदन के जैसा. पिटाई के हर नीले निशान में अब एक कालिख सी आ गयी थी. मानो जैसे राख से धारियां बनायी गयी हों.

उस समय अगर माँ अपने सर के पीछे हरे-गुलाबी पंख बाँध लेती, चेहरे पे थोड़ी काई मल लेती, और अपने गाउन के बदले बदन पे किसी पेड़ या जानवर की छाल ओढ़ लेती तो किसी लड़ाकू आदिवासी देवी से कम न लगती. फिर ऐसा लगता की ये दाग उसे किसी चीते से लड़ते हुए लगे, या किसी जंगली घोड़े को काबू करने में. या क्या पता, किसी बकरे को सींघ से पकड़कर, उससे लड़कर, उसकी गर्दन काटने में. एक ताकत दिखाई देती, वह जो प्रकृति ने औरत को किसी ज़माने में भेंट दी थी. शायद वह, मेरी माँ, मेरे लिए खरगोश का मुलायम मांस लेकर आती, और थोड़ा मुझे खिलाती, थोड़ा खुद खाती. होंठों पे फ़िज़ूल सी लिपस्टिक होने के बदले, उससे लाल लोहा टपकता. बाज़ुओं में, चूड़ियों की बेड़ियों के बजाये, हड्डियों का औज़ार होता. आँखों में मिमियाई पुतलियों की जगह एक कातिल निगाह होती, जो अपना इलाका, अपनी आज़ादी पहचानती, उसे किसी भी कीमत पे बचाती, किसी भी घुसपैठिये को बख्शती नहीं. और मैं उसे देख, ये सब सीखता, उसके जैसा ही उम्दा शिकारी बनता. अपनी जागीर का मालिक होता. मुझे अपने बाप के नाम की ज़रुरत न होती, क्यूंकि खून से सना खरगोश साथ खाते-खाते खून का रिश्ता सिर्फ माँ से ही बनता.

पर माँ कहाँ जंगली थी. वह तो कुछ ज़्यादा ही सभ्य थी. सोसालिस्ड थी. इतनी की अपने पति से पिटने के बाद यह तै करती रहती की कितना पिटना झेला जा सकता है और कितना नहीं. और जब पिटाई की यह गणित पल्ले न पड़ती तो कड़ोड़ों और सभ्य पिटती औरतों की तरह इस गणित की जलती तीलियों से झुलसती रहती. स्टेटिस्टिक्स. ये हमेशा से माँ का प्रिय सौबजेक्ट हुआ करता था. पर खुद की लाइफ का स्टेटिस्टिक्स ऑफ़ सादिस्टिक्स थोड़ा ज़्यादा पेचीदा था. शादी के ग्यारह साल में भी पल्ले नहीं पड़ा था.

इस दूसरे दिन, खाना बना. साफ़-सफाई हुई. हमारी दाई, जिसे पापा ने माँ को पीटने वाले दिन दरवाज़े के बाहर से ही चलता कर दिया था, वो आयी. उसने फिर से देखा, फिर से समझा, माँ से फिर से बात की, फिर से कहा की इस बद्तमीज़ आदमी के मुँह मत लगो, या तो इसे छोड़ दो. फिर से, माँ उसके सामने रोई, उसने माँ का हाथ पकड़ा, दिलासा दिया. आज सोचता हूँ तो ख़याल आता है की अगर माँ और वह लेस्बियन या बिसेक्सुअल होते तो इस समस्या को एक बड़ा ही इंटरेस्टिंग मोड़ मिल जाता.

पर इतना रचनात्मक वहाँ कुछ था नहीं. रचना तो मेरे दिमाग में चल रही थी, सभयता की. माँ के साथ-साथ मैं भी सभ्य हो रहा था, पर आदमी के तरह, औरत की तरह नहीं. गौर देने वाली बात ये है की सभ्यता के स्टेटिस्टिक्स में पिटने और डरने के नंबर औरत को मिलते हैं, और पीटने और डराने के नंबर मर्द को. मुझे ये पता चल चूका था. और ये भी की छोटा ही सही, पर मैं मर्द ज़रूर था.

अपनी लियो टॉयगन में मुझे अपने पापा का हाथ दिखने लगा था. मैं उसे उठाकर हर छोटी चीज़ को डराता. चाहे वो एक गिलहरी हो, या हमारे घर पर आकर बैठने वाला कुत्ता, या बरामदे के गमलों में छिपने वाला गिरगिट. लियोगन की गोलीबारी को मैंने माँ के ऊपर भी आज़माया था. पहले तो उसने बस हंस दिया था, पर कटर - कटर की ज़्यादा आवाज़ करने पर बरामदे भेज दिया था.

पर इस दूसरे दिन ख़याल आया की एक इंसान है, जो मेरे मुकाबले काफी कमज़ोर है, जिसे डराया जा सकता है. पापा भी तो माँ को इसीलिए डरा पाते थे क्यूंकि वह उनसे कमज़ोर थी. कोई पापा का हाथ नहीं मरोड़ता था, माँ का मरोड़ता था. पापा को मुक्के नसीब नहीं होते थे, माँ को होते थे. डराने में फायदा था, एक मौका था, किसी से ऊपर उठकर, एक जज की कुर्सी पे बैठकर बस अपनी चलाने का. किसी दूसरे का हक़ मार के बस अपना हक़ जमाने का. क्यूंकि जो भी जितना हक़ हँसोत सकता, वो कुछ भी करने के लिए उतना ही आज़ाद होता.

शाम हो चली थी. बिजली कटे हुए आधा घंटा हो चूका था. माँ अभी किचन में ही थी, दायी के साथ. टेबल पे किरासन का लैंप और माचिस की डिब्बी रक्खी हुई थी. कुछ ही देर में या तो माँ, या दायी आती और उसे जलाती. मैं अपने छोटे भाई के सामने पहुँच चुका था. वह प्लास्टिक के बने हाथी, कुत्ते और एयर इंडिया के मैस्कॉट से भले ही खेल रहा था, पर उसकी ख़ुशी सच्ची थी. उसने मुस्कुराते हुए एक खिलौना मुझतक बढ़ाया. मैंने भी मुस्कुराते हुए उस तक अपना लियोगन बढ़ाया, कान के बेहद पास, और तेज़ी से

अचानक बार-बार उसका ट्रिगर दबाने लगा. कटर-कटर, कटर-कटर की लगातार आवाज़ से उसकी मुस्कान बिखरने लगी और चहरे के ढलानों से गिर पड़ी. मैंने कटर-कटर की रफ़्तार और भी बढ़ा दी.

गए माह ही साइंस क्लास में इवापोरेशन - कंडेंसेशन के कॉन्सेप्ट्स सीखे थे. भाई की हंसी को आंसू में कंडेंस होते देख मज़ा आ रहा था. उसकी आवाज़ बहुत बढ़ जाती तो माँ आ जाती. इसीलिए मैंने उसका प्लास्टिक वाला कुत्ता घुमाया और उसे फुसला के चुप कराया. उसे अपनी टॉयगन भी दे दी. वह तकरीबन उसके जितनी ही लम्बी थी. देखे के एहसास हुआ, की मेरे मुकाबले वह कुछ ज़्यादा ही कमज़ोर था. ख़ुशी भी हुई. क्यूंकि मैं उसके साथ जो मर्ज़ी वह कर सकता था.

टॉयगन हाथ में देख वह थोड़ा खुश हुआ, और उसे ऊपर उठाकर प्यारी-प्यारी आवाज़ें करने लगा. मैं भी उसके साथ हंस रहा था. और तभी उसकी हंसी एक ज़ोर की चीख में बदल गयी. मैं अभी भी हंस रहा था. एक और चीख, पहले वाले से भी ज़ोर की, मेरी माँ को किचन से खींच लायी. और माँ की आँखें फटी की फटी रह गयीं. मेरे छोटे भाई की बाजु में एक जलती हुई तीली चिपकी हुई थी. उसके ऊपर का काला, बारूद भरा मोती अभी भी सुलग रहा था, मेरे भाई के बांह के चमड़े के साथ. जलते चमड़े की बदबू कमरे में फैलने लगी थी. पर मैं फिर भी मुस्करा रहा था, जैसे की कुछ हुआ ही न हो. मेरे मन के अंदर की जलती तीली मेरे हाथ में आ चुकी थी. दूसरे हाथ में दियासलाई का डिब्बा भी था. हिंसा के चकरीचाल में मेरा इंट्रोडक्शन हो चुका था.